प्रैस रिलीज

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय

कैंप ऑफिस लखनऊ

6 फरवरी 2023

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक में शंघाई सहयोग संगठन सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के नेताओं की बैठक के अवसर पर साई ताजिकिस्तान और साई कजाकिस्तान के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने लखनऊ में शंघाई सहयोग संगठन सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों (एससीओ साई) के नेताओं की बैठक के अवसर पर साई ताजिकिस्तान और साई कजाकिस्तान के साथ दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। लेखापरीक्षण के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समझौते किए गए थे।

समझौता ज्ञापन लेखापरीक्षण पेशेवरों और तकनीकी टीमों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग और लेखापरीक्षा आयोजित करने में परस्पर सहयोग के लिए एक मंच भी प्रदान करेंगे। ये समझौते तीन देशों के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों (एसएआई) के मध्य घनिष्ठ संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम हैं।

साई ताजिकिस्तान के साथ समझौता ज्ञापन पर श्री काराखोन चिल्लाज़ोडा, अध्यक्ष, ताजिकिस्तान गणराज्य के लेखा चैंबर के साथ हस्ताक्षर किए गए। यह

समझौता ज्ञापन संबंधित संस्थान की पेशेवर क्षमता को विकसित और सुदृढ़ करेगा और लेखापरीक्षा के क्षेत्र में पद्धतियों में सुधार करेगा। दोनों एसएआई क्षमता विकास समर्थन के साधनों की पहचान करने और पारस्परिक रूप से लाभकारी क्षेत्रों पर सहयोग करने के लिए भी सहमत हुए।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक श्री गिरीश चंद्र मुर्मू ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन उन मूल्यों और लक्ष्यों की पुनः पुष्टि करता है, जो दोनों संस्थान लंबे समय से साझा करते आए हैं और दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद संबंधों को मजबूत करते हैं।

कजाकिस्तान के साथ समझौता ज्ञापन पर सुश्री नताल्या गोडुनोवा, अध्यक्षा, सुप्रीम ऑडिट चैंबर, कजाकिस्तान गणराज्य द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

श्री गिरीश चंद्र मुर्मू ने कहा कि साई अपनी संबंधित बाह्य लेखापरीक्षा पद्धतियों को संवर्धित और सुधारने के लिए अपनी क्षमता के क्षेत्रों के भीतर सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सहयोग में कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं में अनुभव का आदान-प्रदान, पेशेवर प्रशिक्षण और कार्मिक विकास में संयुक्त प्रयास, कार्यशालाओं, सम्मेलनों और तकनीकी बैठकों के माध्यम से सूचना और सर्वोत्तम पद्धतियो को साझा करना शामिल होगा।

एससीओ साई नेताओं का शिखर सम्मेलन भारत में 6 फरवरी से 8 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है, और इसमें शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थानों के प्रमुख भाग ले रहे हैं।

BSC/SS/TT/9-23